Government of India
Ministry of Earth Sciences
India Meteorological Department
Meteorological Centre Jaipur

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर

# प्रेस विज्ञप्ति

**समय: 1330 IST** **दिनांक: 18 जून, 2025**

**विषय : राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून प्रवेश (MONSOON ONSET) एवं पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश संभावना।**

- **आज 18 जून को सामान्य से 7 दिन पहले दक्षिण-पश्चिम मानसून राज्य के कुछ भागों में पहुँच गया है। वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा राज्य के बाड़मेर, जोधपुर, जयपुर से होकर गुजर रही है। आगामी 2-3 दिनों में राज्य के कुछ और भागों में मानसून के आगे बढ़ने की संभावना है।**

- गुजरात के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र (LOW PRESSURE AREA) आज राजस्थान के मध्य व उत्तरी क्षेत्रों के ऊपर अवस्थित है।

- बांग्लादेश पर बना कम दबाव का क्षेत्र (LOW PRESSURE AREA) तीव्र होकर सुस्पष्ट कम दाब (WELL MARKED LOW PRESSURE) बन गया है तथा गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर अवस्थित है। इसके आगामी 2-3 दिनों में धीरे-धीरे उ.प. दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है।

**1. भारी बारिश चेतावनी/Heavy rainfall Warning:**

- **मेघगर्जन, आकाशीय बिजली चमक के साथ राज्य के कुछ भागों में आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। 18-19-20 जून के दौरान उदयपुर, कोटा संभाग में कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की संभावना है। जयपुर, अजमेर व भरतपुर संभाग में भी में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।**


- पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 21 से 23 जून के दौरान बारिश की गतिविधियों में और बढ़ोतरी होने व पुनः कोटा, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी व अतिभारी बारिश होने की संभावना है।

**2. मेघगर्जन, वज्रपात चेतावनी/Thunderstorm, lightning Warning:**

- **मानसून के आगे बढ़ने के इस क्रम में आगामी दिनों मेघगर्जन के साथ कहीं-कहीं आकाशीय बिजली/वज्रपात होने की भी प्रबल संभावना है।**

Government of India
Ministry of Earth Sciences
India Meteorological Department
Meteorological Centre Jaipur

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर





वेबसाइट:https://mausam.imd.gov.in/jaipur/
Contact Number: 0141-2790194 / 2793254, email: mcjaipur@rediffmail.com

---

**3. संभावित प्रभाव / Impact expected :**

- भारी बारिश से निचले इलाकों व अंडरपासों में कंही-कंही जल भराव हो सकता है ।
- सड़कों पर जलभराव के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है ।
- भारी वर्षा के कारण दृश्यता में कभी-कभी कमी होने से यातायात दुर्घटना होने की सम्भावना बढ़ जाती है ।
- बरसाती नदी नालों में पानी की आवक बढ़ने की संभावना है ।

**4. सुझाव / Action suggested:**

- वर्षा के समय जल भराव क्षेत्र में लगे बिजली के खंबों से दूरी बना कर रखें तथा वाहन सावधानी से चलाएं।
- कृषि मंडियों में रखे जींस व अनाज को ढककर ऊंचाई वाले स्थान पर रखें ताकि उन्हें भीगने से बचाया जा सके ।
- मेघगर्जन के समय पेड़ों के नीचे शरण न लेवें |

**नोट: जिलावार विस्तृत चेतावनी हेतु कृपया https://mausam.imd.gov.in/jaipur/ अवलोकन करें।**

**राधेश्याम शर्मा**
**प्रमुख, मौसम केंद्र जयपुर**

**LEGEND: Heavy Rainfall: 64.5 to 115.5mm, Very Heavy Rainfall: 115.6 to 204.4mm Most Places: more than 76% of total stations, Isolated Places: Less than 25% of total**